संख्या-4/2023/1127/2023/चौंतीस-लो0शि0-5/2023-01-लो0शि0/2022 (टी0सी0)

प्रेषक,

भास्कर पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड,
उ0प्र0, लखनऊ।

मुख्यमंत्री कार्यालय, लोक शिकायत अनुभाग-5 **लखनऊ: दिनांक- 24 नवम्बर, 2023**

विषय- ''मुख्यमंत्री कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर'' के लिए आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु चयनित मैनपावर की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-यूपीएलसी:मैनपावर:सीएम ऑफिस:जेम:2023:1461 दिनांक 18.10.2023 एवं पत्रांक-यूपीएलसी:मैनपावर:सीएम ऑफिस:जेम:2023:1515 दिनांक 26.10.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन के पंचम तल पर स्थापित ''मुख्यमंत्री कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर'' के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जेम पोर्टल पर आउटसोर्स माध्यम से 22 मैनपावर के लिए संविदा के आधार पर यू0पी0एल0सी0 द्वारा विज्ञापित बिड संख्या-GEMC-511687783445783 दिनांक 12.08.2023 के क्रम में एजेंसी मेसर्स Q Security Services का चयन किया गया और एजेंन्सी द्वारा कुल 15 मैनपावर का चयन करते हुए आफॅर लेटर जारी किया गया है। उक्त चयन प्रक्रिया के उपरान्त वर्तमान में मुख्यमंत्री कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर के अन्तर्गत कार्यरत निम्नलिखित 15 मैनपावर के पारिश्रमिक आदि का भुगतान किया जाना है:-

S.N	Post	On Board
1	Project Manager	1
2	Sr Developer/System Admin	2
3	Sr Developer/Data base Architect+7	1
4	Sr Developer/Data base Architect+3	1
5	Developers+2	2
6	Developers+1	2
7	Sr Mobile Application Developer (Android/IOS)	1
8	Sr Application Developer (Net)	1
9	Sr Application Developer (Java)	1
10	Application Developer	1
11	Data Analyst	1
12	Technical Content Writer	1
	Total	**15**

3- प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त जेम पोर्टल के माध्यम से ''मुख्यमंत्री कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर'' हेतु चयनित/कार्यरत 15 मैनपावर को मेसर्स Q Security Services से अनुबंध प्राप्त होने की

तिथि से माह मार्च, 2024 तक के लिए रू0 65,64,138/- (रूपये पैसठ लाख चौसठ हजार एक सौ अड़तीस मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त धनराशि आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) उ0प्र0 इलेक्ट्रानिक कारपोरेशन लि0 द्वारा वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों के अनुसार बजट आवंटन एवं भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

(2) धनराशि का आहरण कर उसे पी0एल0ए0/बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। धनराशि का आहरण तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही राजकोष से किया जायेगा।

(3) धनराशि के व्यय के उपरान्त यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज व लोक शिकायत अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) प्रबंध निदेशक, यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के शासनादेश तथा बजट मैनुअल के समस्त प्राविधानों/नियमों/शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृति धनराशि व्यय किये जाने से पूर्व निगम तथा एजेंसी द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 17.03.2023 (यथा संशोधित) में द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) उपस्थिति के आधार पर ही उक्त मैनपावर के पारिश्रमिक के भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

(7) किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए प्रबंध निदेशक, यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ उत्तरदायी होंगे।

4- शेष 07 तकनीकी मानव संशाधन चयन के उपरान्त उपलब्ध होने पर तदनुसार बजट आवंटन की कार्यवाही पृथक से की जायेगी।

5- उक्त धनराशि में मैनपावर का पारिश्रमिक, यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड का सेंटेज चार्ज 2%, एजेंसी चार्ज 4.5% तथा जी0एस0टी0 18% सम्मिलित है।

6- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुदान संख्या-078 के लेखा शीर्षक-2052-सचिवालय-सामान्य सेवायें, 106-मुख्यमंत्री कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेंटर का संचालन, 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद के नामे डाला जाएगा।

7- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023 दिनांक 17 मार्च, 2023 में प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

आज्ञा से,

(भास्कर पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मुख्यमंत्री।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी प्रथम, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. उप सचिव, लेखा अनुभाग-1, मुख्यमंत्री कार्यालय, उ0प्र0 शासन।
6. मुख्यमंत्री कार्यालय अनुभाग-3,
7. लेखाकार/मुख्य कोषाध्यक्ष, सचिवालय प्रशासन(कोष-कोष्ठक), उ0प्र0 शासन।
8. प्रभारी, NIC सेल, मुख्यमंत्री कार्यालय।
9. सचिवालय प्रशासन-बजट सेल।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5,
11. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2,
12. मेसर्स Q Security Services, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ।
13. गार्ड फाइल/बजट पत्रावली।

आज्ञा से

(अरविन्द मोहन)
उप सचिव।